प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

6 अक्तूबर 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दक्ष (DAKSH) - रिज़र्व बैंक की उन्नत पर्यवेक्षी निगरानी प्रणाली की शुरुआत की

भारतीय रिज़र्व बैंक पर्यवेक्षण को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न पहल कर रहा है, जिसमें अन्य पहलों सहित नवीनतम डेटा और विश्लेषणात्मक उपकरणों को अपनाने के साथ-साथ अधिक कुशल और स्वचालित कार्य प्रक्रियाओं को कार्यान्वित करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना शामिल है। इस प्रयास के अनुक्रम में, श्री शक्तिकान्त दास, गवर्नर ने आज **"दक्ष (DAKSH) - रिज़र्व बैंक की उन्नत पर्यवेक्षी निगरानी प्रणाली"** नामक एक नई सुपटेक पहल की शुरुआत की, जिससे पर्यवेक्षी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की उम्मीद है।

'दक्ष (DAKSH)' का अर्थ है 'कुशल' और 'सक्षम', जो एप्लिकेशन की अंतर्निहित क्षमताओं को दर्शाता है। **'दक्ष (DAKSH)'** एक वेब-आधारित एंड-टू-एंड वर्कफ़्लो एप्लिकेशन है, जिसके माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंकों, एनबीएफसी आदि जैसी पर्यवेक्षित संस्थाओं (एसई) में अनुपालन संस्कृति को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से अनुपालन अपेक्षाओं की निगरानी अधिक कुशलता से करेगा। यह एप्लिकेशन एक प्लेटफॉर्म के माध्यम से निर्बाध संचार, निरीक्षण योजना और निष्पादन, साइबर घटना रिपोर्टिंग और विश्लेषण, विभिन्न एमआईएस रिपोर्ट आदि के प्रावधान को भी सक्षम करेगा, जो कभी भी-कहीं भी सुरक्षित पहुंच को सक्षम बनाता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1005